गुटबाजी | कार्यक्रम से कार्यकर्ताओं ने बनाई दूरी, आगामी चुनावों में उठाना पड़ सकता है खामियाजा

बुढार में भाजपा की गुटबाजी हुई उजागर

नवभारत बुढ़ार। भारतीय जनता पार्टी भले ही विश्व की सबसे बड़ी पार्टी होने का दम भरती हो लेकिन यह भी सत्य है की सबसे बड़ी तानाशाह और गुटबाजी वाली पार्टी के रूप में भी अपनी छवि बनाने में सफल हुई है। बात कर रहे है भारतीय जनता पार्टी जिला शहडोल के मंडल बुढार की यहां के स्वयंभू मंडल अध्यक्ष अर्जुन सोनी की संगठनात्मक कार्यशैली से पार्टी को गहरी क्षति हो रही है जिसका परिणाम आगामी निकाय पंचायत एवं विधानसभा चुनावों में देखने को मिल सकता है।

अर्जुन सोनी पर लगे आरोप

बुढार मंडल अध्यक्ष पर आरोप है की बुढार मंडल अध्यक्ष अर्जुन सोनी के द्वारा कई प्रकार के ऐसे कार्य पार्टी को गर्त में डालने हेतु किए जा रहे हैं जो की अनुशासन विहीनता की श्रेणी में आते हैं। भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने यह आरोप लगाया है की बुढार भाजपा तानाशाही की ओर अग्रसर है और अपने पतन की ओर लगातार बढ़ रही है और इसका जीवंत उदाहरण कसौंधान धर्मशाला वार्ड क्रमांक 09 बुढार में हुई बैठक में दिख गया। जहां पर पार्टी की कार्यकारिणी तक के कार्यकर्ता नही पहुंचे, कुर्सियां खाली रहीं और बुढार मंडल अध्यक्ष अपनी पीठ थपथपाते रहे।

भाजपा जिलाध्यक्ष की कार्यशैली पर सवाल

शहडोल भाजपा संगठन लगातार विवादों में रहा है और शहडोल जिला अंतर्गत कई जगहों से मंडल एवं पार्टी की जिलाध्यक्ष के खिलाफ कई बार पूर्व में भी मोर्चा खोला जा चुका है इसके बावजूद भी आज तक कोई हल नहीं निकला आलम यह रहा की वर्तमान में बुढार मंडल की तानाशाही की खबर सुर्खियां बटोर रही है और मंडल अध्यक्ष के साथ साथ जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी शहडोल की कार्यशैली पर भी गहरे प्रश्न चिन्ह खड़े करते हुए नजर आ रही हैं।

चेहरा देखकर भेदभाव

बुढार मंडल में मंडल अध्यक्ष पर पार्टी के कार्यक्रमों में वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं एवं जिला पदाधिकारियों के साथ ही चेहरा देख कर भेदभाव करने की अनदेखी का आरोप लगाया जा रहा है जो की किसी भी प्रकार से पार्टी हित में नहीं है। जिला भाजपा संगठन के द्वारा इस और ध्यान देने की आवश्यकता है अन्यथा शहडोल भाजपा का बंटाधार तय है।

इनका कहना है

बुढार मंडल में भाजपा गुटबाजी का शिकार हो चुकी है अपने चहेतों को बुलाकर उपकृत किया जाता है और वरिष्ठ जनों को ना बुलाकर उनका अपमान किया जाता है शिकायत जिलाध्यक्ष अमिता चपरा से भी की संभाग के प्रभारी गौरव सिरोठिया से की और मंडल के प्रभारी भूपेंद्र मिश्रा से की लेकिन कार्यवाही कोई नही हुई ऐसा ही चलता रहा तो बुढार में बस नही जिले में भाजपा का अंत निश्चित हो जाएगा और इसका दोषी बुढार मंडल अध्यक्ष अर्जुन सोनी होगा।

अरुण द्विवेदी वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता मंडल बुढार

कभी कभी सूचित किया जाता है किंतु ज्यादातर कार्यक्रमों में सूचना प्रदान नही की जाती बुढार मंडल अध्यक्ष की कार्यशैली से पार्टी कार्यकर्ता असंतुष्ट हैं

सविता सिंह, महिला मोर्चा बुढार मंडल अध्यक्ष

डीजल की कमी, बेपटरी हुई सफाई व्यवस्था

जयसिंहनगर में लगा कचरे का ढेर, जाम नालियों और गंदगी से लोग परेशान

नवभारत, शहडोल। जिले के जयसिंहनगर नगर परिषद क्षेत्र में इन दिनों सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है।

नगर की कई सड़कों, गलियों और वार्डों में जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हुए हैं, जबकि नालियां जाम होने से गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। लगातार फैल रही गंदगी और दुर्गंध के कारण लोगों का घरों से निकलना तक मुश्किल हो गया है। बरसात के मौसम में स्थिति और अधिक गंभीर हो गई है तथा मच्छरों के प्रकोप के साथ संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ने लगा है।

नगर परिषद के पास नहीं है डीजल के लिए बजट

जानकारी के अनुसार नगर परिषद द्वारा डीजल के अभाव का हवाला देते हुए सफाई वाहनों का संचालन बंद कर दिया गया है। इससे नियमित रूप से कचरा संग्रहण नहीं हो पा रहा है।

विशेष रूप से वर्ल्ड कॉलोनी की मुख्य सड़क के दोनों ओर फैले कचरे ने स्थानीय रहवासियों की परेशानी बढ़ा दी है।

नगर परिषद पर उठे सवाल

नागरिकों का कहना है कि कई दिनों से कचरा नहीं उठाया गया, जिससे दुर्गंध फैल रही है और आसपास का वातावरण प्रदूषित हो गया है। इस पूरे मामले में नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

आम जनता भुगत रही खामियाजा

स्थानीय नागरिकों ने आरोप लगाया कि जिम्मेदार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के बीच समन्वय की कमी का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है।

नियमित सफाई की मांग

लोगों ने तत्काल डीजल बजट स्वीकृत कर सफाई व्यवस्था बहाल करने, जाम नालियों की सफाई कराने तथा नगर में नियमित कचरा संग्रहण शुरू करने की मांग की है। नागरिकों का कहना है कि यदि शीघ्र ही व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो बरसात के मौसम में संक्रामक बीमारियों का खतरा और अधिक बढ़ सकता है।

बजट नहीं हुआ स्वीकृत

बताया जा रहा है कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) का कहना है कि डीजल के लिए आवश्यक फाइल 30 तारीख को ही आगे बढ़ा दी गई थी, लेकिन नगर परिषद अध्यक्ष के हस्ताक्षर नहीं होने के कारण डीजल बजट स्वीकृत नहीं हो सका। परिणामस्वरूप सफाई कार्य प्रभावित हो गया और पूरा नगर गंदगी की चपेट में आ गया।

एक नजर में

विश्वविद्यालय के परीक्षा समय में परिवर्तन

नवभारत, शहडोल । पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय, शहडोल द्वारा 8 अगस्त 2026 से 13 अगस्त 2026 तक आयोजित होने वाली विश्वविद्यालयीन परीक्षाओं के समय में संशोधन किया गया है। विश्वविद्यालय की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार अपरिहार्य कारणों से परीक्षा का समय परिवर्तित किया गया है। पूर्व निर्धारित समय दोपहर 12 बजे से 3 बजे के स्थान पर अब परीक्षाएँ दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएँगी। यह निर्णय विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा लिया गया है तथा विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी संबद्ध शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों, परिसर प्रभारियों, परीक्षा केन्द्राध्यक्षों तथा विद्यार्थियों को संशोधित समय-सारिणी के अनुसार आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

शराब के नशे में धुत ऑटो चालक को पुलिस ने पकड़ा

नवभारत,अमलाई। सड़क सुरक्षा और आम नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अमलाई थाना पुलिस लगातार रात्रि गश्त और वाहन जांच अभियान चला रही है। इसी क्रम में अमलाई थाना क्षेत्र के रेलवे फाटक के पास पुलिस ने एक ऑटो चालक को शराब के नशे में वाहन चलाते हुए पकड़ा। चालक का वाहन चलाने का तरीका इतना लापरवाहीपूर्ण था कि सड़क पर आने-जाने वाले लोग उसकी हरकतों से परेशान हो रहे थे और दुर्घटना की आशंका लगातार बनी हुई थी।

बेतरतीब तरीके से दौड़ रहा था ऑटो

जानकारी के अनुसार पुलिस की पेट्रोलिंग टीम जब रेलवे फाटक के आसपास गश्त कर रही थी, तभी एक ऑटो चालक सड़क पर बेतरतीब तरीके से वाहन चलाता दिखाई दिया। पुलिस ने तत्काल उसे रोककर पूछताछ की। बातचीत के दौरान चालक की गतिविधियां संदिग्ध लगीं, जिसके बाद उसकी जांच की गई। जांच में वह शराब के नशे में पाया गया।

चालक पर हुई कार्यवाही

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने मौके पर ही ऑटो को जब्त कर लिया और चालक को वाहन सहित अमलाई थाने लाया गया। यहां नियमानुसार उसकी चिकित्सकीय जांच कराई गई। जांच में शराब सेवन की पुष्टि होने के बाद मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों के तहत उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की गई।

जिला चिकित्सालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

गर्भवती व धात्री माताओं को बताये गये स्तनपान के लाभ

नवभारत, शहडोल। 1 अगस्त से 7 अगस्त 2026 तक मनाए जा रहे विश्व स्तनपान सप्ताह के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिलेभर में विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। सप्ताह के दौरान गर्भवती एवं धात्री माताओं तथा उनके परिजनों को स्तनपान के महत्व और इससे होने वाले स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी जा रही है। इसी क्रम में जिला चिकित्सालय शहडोल में विश्व स्तनपान सप्ताह के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिविल सर्जन डॉ. शिल्पी सराफ ने कहा कि मां का दूध नवजात शिशु के लिए सर्वोत्तम, सुरक्षित एवं संपूर्ण आहार है।

रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले तत्व

उन्होंने बताया कि शिशु के जन्म के तुरंत बाद मां का पहला पीला गाढ़ा दूध (कोलोस्ट्रम) अवश्य पिलाना चाहिए। इसमें रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले महत्वपूर्ण तत्व प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं, जो शिशु को विभिन्न संक्रमणों से सुरक्षा प्रदान करते हैं।

अन्य कार्यक्रम भी हुए

विश्व स्तनपान सप्ताह के अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता, रंगोली सहित अन्य जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। कार्यक्रम में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. टी.एन. चतुर्वेदी, डॉ. उमेश नामदेव, चिकित्सा अधिकारी, स्टाफ नर्स, एएनएमटीसी के संकाय सदस्य, छात्र-छात्राएं, एलायंस क्लब के सदस्य, शिवानी पैरामेडिकल के छात्र-छात्राएं तथा एएनसी एवं पीएनसी माताएं उपस्थित रहीं।

6 माह तक जरूर कराए स्तनपान

उन्होंने कहा कि जन्म से छह माह तक शिशु को केवल मां का दूध ही दिया जाना चाहिए। इस अवधि में पानी, शहद, घुट्टी अथवा अन्य किसी प्रकार के खाद्य पदार्थ की आवश्यकता नहीं होती। छह माह की आयु पूर्ण होने के बाद स्तनपान के साथ उपयुक्त पूरक आहार प्रारंभ किया जाना चाहिए तथा स्तनपान को दो वर्ष या उससे अधिक समय तक जारी रखा जा सकता है।

धनपुरी में कांग्रेस की जीत पर आतिशबाजी, दिखा उत्साह

नवभारत,धनपुरी । मध्य प्रदेश के दतिया विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी घनश्याम सिंह की ऐतिहासिक जीत की खुशी पूरे प्रदेश के साथ धनपुरी नगर में भी उत्साहपूर्वक मनाई गई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर के मुख्य चौराहे पर एकत्र होकर बैंड-बाजों की धुन पर जमकर खुशी मनाई, आतिशबाजी की और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया। पूरे क्षेत्र में उत्साह और जोश का माहौल देखने को मिला। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस जीत को प्रदेश की जनता के विश्वास और पार्टी संगठन की मजबूती का प्रतीक बताया।

निकाला जीत का जुलूस

विजय उत्सव में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष हनुमान खंडेलवाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मुबारक मास्टर सहित कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी, युवा कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों और बैंड-बाजों के साथ विजय जुलूस निकाला तथा कांग्रेस पार्टी के समर्थन में नारे लगाए।

चुनाव परिणाम प्रदेश सरकर को जवाब : खंडेलवाल

नगर पालिका उपाध्यक्ष हनुमान खंडेलवाल ने इस अवसर पर कहा कि दतिया विधानसभा उपचुनाव का परिणाम प्रदेश सरकार को जवाब था की जनहित व विकास के नाम पर अगर मतदाता सरकार बना सकती है तो वहीं वोट की ताकत से उसे बदल भी सकती है।

ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में हनुमान खंडेलवाल, मुबारक कांग्रेस मंडलम धनपुरी अध्यक्ष मो. साबिर मास्टर , (जिला उपाध्यक्ष राजीव शर्मा,)आनंदमोहन जयसवाल, राम सिंह मोहम्मद आजाद , मो कलाम, इंद्रमोहन मिश्रा अंकित सूर्य प्रताप सिंह, छोटा शहीद, शाहिद खान चीनी, मो. इकबाल एड., महबूब खान, शंकर साजिद (खान सज्जु)लोधी,,पप्पू सिद्दीकी आदि उपस्थित थे।

बिना पंजीयन के संचालित हो रहे पैथालॉजी लैब

नोटिस के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई, स्वास्थ्य विभाग की चुप्पी

नवभारत,शहडोल। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ब्यौहारी क्षेत्र में कथित रूप से बिना वैध पंजीयन संचालित पैथालॉजी लैबों का मामला अब गंभीर चर्चा का विषय बन गया है। समाचार प्रकाशित होने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने आनन-फानन में संबंधित संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। उस समय यह उम्मीद जगी थी कि विभाग नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई करेगा, लेकिन निर्धारित समयसीमा समाप्त होने के बाद भी स्थिति में कोई बदलाव नजर नहीं आ रहा है। इससे स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं।

एक ही लैब का पंजीयन

विभागीय सूत्रों के अनुसार ब्यौहारी क्षेत्र में केवल एक पैथालॉजी लैब का ही वैध पंजीयन है, जबकि अन्य कई लैब कथित रूप से बिना पंजीयन के संचालित हो रही हैं। यदि विभागीय रिकॉर्ड भी यही स्थिति दर्शाते हैं, तो यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि केवल नोटिस जारी करने के बाद कार्रवाई आगे क्यों नहीं बढ़ी? क्या नोटिस महज औपचारिकता साबित हो गया?

लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं

कारण बताओ नोटिस की अवधि समाप्त होने के बावजूद अब तक किसी भी पैथालॉजी लैब को सील किए जाने, संचालन बंद कराने अथवा जांच रिपोर्ट सार्वजनिक किए जाने की कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। इससे लोगों के बीच यह चर्चा तेज हो गई है कि कहीं न कहीं कार्रवाई की गति पर विराम लगा हुआ है।

बीएमओ की भूमिका पर सवाल

सबसे बड़ा सवाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ की भूमिका को लेकर उठ रहा है। यदि विभाग को पहले से बिना पंजीयन संचालन की जानकारी थी, तो अब तक ठोस कार्रवाई क्यों नहीं हुई? क्या विभाग किसी अतिरिक्त जांच का इंतजार कर रहा है या फिर कोई अन्य प्रशासनिक कारण है? इन सवालों पर विभाग की ओर से अब तक कोई स्पष्ट और सार्वजनिक जवाब सामने नहीं आया है।

पैथालॉजी की अहम भूमिका

स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि किसी भी मरीज के उपचार की दिशा तय करने में पैथालॉजी जांच की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यदि कोई प्रयोगशाला आवश्यक मानकों और वैध पंजीयन के बिना संचालित होती है, तो जांच रिपोर्ट की गुणवत्ता, विश्वसनीयता और मरीजों की सुरक्षा पर गंभीर प्रश्न खड़े हो सकते हैं। ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई न होना आमजन की चिंता बढ़ाने वाला विषय है। क्षेत्र में अब यह मांग जोर पकड़ रही है कि स्वास्थ्य विभाग पूरे मामले पर अपना आधिकारिक पक्ष सार्वजनिक करे और यह स्पष्ट बताए कि नोटिस के बाद अब तक क्या कार्रवाई की गई है।

इनका कहना है

जिला स्तर से टीम गठित कर दी गयी है। शीघ्र ही छापामार कार्यवाही की जायेगी।

डॉ. राजेश मिश्रा
मुख्य चिकित्सा अधिकारी शहडोल

उच्च स्तरीय जांच की मांग

क्षेत्रवासियों ने नवागत कलेक्टर से पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि बिना वैध पंजीयन के पैथालॉजी लैबों का संचालन पाया जाता है तो संबंधित संचालकों पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाए। वहीं यदि विभागीय स्तर पर लापरवाही या उदासीनता सामने आती है, तो जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही भी तय की जाए।

स्वच्छता का पाठ पढ़ाने वाला कार्यालय खुद हुआ बीमार

नवभारत, शहडोल। जिले का महिला एवं बाल विकास विभाग का शहरी कार्यालय इन दिनों बदहाली की ऐसी तस्वीर पेश कर रहा है, जिसे देखकर विभाग के दावों पर ही सवाल खड़े हो रहे हैं।

कार्यालय में ही नहीं दिख रहा अभियान का असर

एक ओर यही विभाग महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य, स्वच्छता, पोषण एवं सुरक्षित वातावरण को लेकर लगातार जागरूकता अभियान चलाता है, वहीं दूसरी ओर विभाग का अपना कार्यालय ही

गंदगी, अव्यवस्था और असुविधाओं के बीच संचालित हो रहा है। कार्यालय की वर्तमान स्थिति यह दर्शाती है कि जिम्मेदार अधिकारियों का अपने ही कार्यालय की मूलभूत व्यवस्थाओं की ओर कोई ध्यान नहीं है।

किराए के भवन में संचालित हो रहा कार्यालय

जानकारी के अनुसार यह कार्यालय किराए के भवन में संचालित हो रहा है। भवन चारों ओर से सीलन की चपेट में है, जिससे दीवारों में नमी बनी रहती है और कार्यालय का वातावरण अस्वास्थ्यकर हो गया है। सबसे अधिक परेशानी कार्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार पर है, जहां बदबूदार नाली का पानी लगातार बहता रहता है।

कार्यालय में आ रही दुर्गंध

कार्यालय आने वाली महिलाएं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं और छोटे बच्चों के साथ पहुंचने वाले हितग्राहियों को इसी गंदे पानी और दुर्गंध के बीच होकर कार्यालय में प्रवेश करना पड़ता है। बारिश के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो गई है।

वाहन चेकिंग में चर्चित कबाड़ी पर मेहरबानी

नवभारत, धनपुरी । जिला पुलिस कप्तान के निर्देश पर बाघईया पुल के पास चल रहे विशेष वाहन चेकिंग अभियान के दौरान चर्चित कबाड़ी फिरोज उर्फ पप्पू टोपी की काली फिल्म लगी एसयूवी पर कोई कार्रवाई नहीं किए जाने की चर्चा पूरे क्षेत्र में बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब आम नागरिकों के वाहनों पर नियमों के तहत तत्काल चालानी कार्रवाई की जाती है, तो इस मामले में अलग रवैया क्यों अपनाया गया? जब नवभारत प्रतिनिधि ने इस मामले को संज्ञान लिया तब पुलिस द्वारा चालानी कार्रवाई की गई लेकिन उक्त कबाड़ी की गाड़ी में लगी हुई फिल्म को नहीं निकाला गया।

कार्यवाही पर उठ रहे सवाल

बताया जाता है कि फिरोज उर्फ पप्पू टोपी के विरुद्ध जिले के विभिन्न थानों में कई आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। ऐसे में विशेष जांच अभियान के दौरान उसकी गाड़ी से काली फिल्म तक न उतरवाया जाना लोगों के बीच कई तरह के सवाल खड़े कर रहा है।

भेदभाव के आरोप

क्षेत्र में यह चर्चा है कि यदि प्रभावशाली या चर्चित व्यक्तियों पर नियमों का समान रूप से पालन नहीं कराया जाएगा, तो आम जनता के बीच कानून के प्रति क्या संदेश जाएगा? क्या अपराध के मामलों में नाम सामने आने वाले लोगों के प्रति भी पुलिस का रवैया इतना ही नरम रहेगा? यदि ऐसा होता है तो इससे कानून के समान अनुपालन और पुलिस की निष्पक्षता पर स्वाभाविक रूप से प्रश्न उठना लाज़िमी है।

कानून सबके लिए बराबर

लोगों का कहना है कि कानून सबके लिए समान होना चाहिए। यदि किसी वाहन में नियमों का उल्लंघन पाया जाता है तो कार्रवाई व्यक्ति की पहचान या प्रभाव देखकर नहीं, बल्कि कानून के अनुसार होनी चाहिए। यही निष्पक्ष पुलिस व्यवस्था की पहचान भी है।

शक्ति प्रदर्शन | मिठाई, आतिशबाजी और जयघोष से गूंजा शहर, कार्यकर्ताओं ने कहा-जनता ने बदलाव पर लगाई मुहर

दतिया जीत पर ब्यौहारी में कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन

नवभारत, ब्यौहारी। दतिया विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी घनश्याम सिंह की ऐतिहासिक जीत के बाद पूरे प्रदेश में जश्न का माहौल देखने को मिला।

इसी कड़ी में सोमवार को ब्यौहारी में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा भव्य विजय उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं जिला कांग्रेस कमेटी शहडोल के अध्यक्ष अजय अवस्थी के निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ब्यौहारी के अध्यक्ष सतेंद्र त्रिपाठी पंटू के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह

विजय उत्सव में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की खुशियां साझा कीं, जमकर आतिशबाजी की और कांग्रेस के समर्थन में जोरदार नारे लगाए। पूरे आयोजन के दौरान उत्सव का माहौल बना रहा।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर विनोद ताम्रकार, हरेंद्र सिंह, पुष्पेंद्र परोहा, गीता कोल, हरिशंकर कोरी, पुष्पेंद्र पटेल, इस्लाम खान, हरि सिंह, गंगाराम बर्मन, विनय द्विवेदी, अनुराज तिवारी, राज, आशीष शुक्ला, अयोध्या गुप्ता, बल्ली, प्रियदर्शी तिवारी, हसन खान, सूर्य प्रकाश पाठक, विक्रम कोल, नीरेंद्र शर्मा, अनिल पटेल, अनिल नामदेव, बसंत साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जयसिंह नगर में जीत को बताया लोकतंत्र की ताकत, कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को दी बधाई

नवभारत, जयसिंहनगर। दतिया विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी की प्रचंड जीत पर जयसिंहनगर में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा जोरदार जश्न मनाया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जीत को लेकर उत्साह और उमंग देखने को मिली। इस अवसर पर बस स्टैंड जयसिंहनगर में कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़े, अबीर-गुलाल लगाकर एक-दूसरे को जीत की बधाई दी तथा मिठाइयां बांटकर खुशी का इजहार किया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने अपने संबोधन में कहा कि दतिया विधानसभा उपचुनाव का परिणाम लोकतंत्र की सबसे बड़ी जीत है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, महंगाई, नशाखोरी और बढ़ते अपराधों से आमजन परेशान है। प्रदेश का ऐसा कोई जिला नहीं है जहां आए दिन गंभीर घटनाएं सामने न आती हों। उन्होंने कहा कि जनता ने अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग करते हुए दतिया उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी की सरकार को करारा जवाब दिया है और यह संदेश दिया है कि लोकतंत्र में जनता की शक्ति सर्वोपरि है। जश्न कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जयसिंहनगर के अध्यक्ष राजेश मिश्रा, रामनिवास प्यासी, रोहिणी प्रसाद शुक्ला, सूरज प्यासी, परशुराम द्विवेदी, हनुमान उपाध्याय, निलेश गुप्ता, महेंद्र गुप्ता, अजय जायसवाल, धर्मेंद्र सिंह भाटिया, सुरेंद्र तिवारी, जीवन कुशवाहा, अशोक द्विवेदी, वीरेंद्र केसरवानी, उमाकांत द्विवेदी, अशोक भाटिया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।